तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

16 पोस्टमार्टम कक्ष में भारी अव्यवस्था परिजनों ...



16 बीपीएल परिवार की छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण





## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## खबर संक्षेप

### दस लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम केंवटापाली में एक व्यक्ति के घर से बसना पुलिस ने दस लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी तुलसी जांगडे पति बिजेंद्र जांगड़े (34 वर्ष) केंवटापाली के कब्जे से कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब बरामद कर एक व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने विश्वनाथ पाटिल पिता असमन पाटिल (32 साल) सुखापाली थाना सरायपाली के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को उग्रसेन पटेल पिता कुंजराम पटेल (32 साल) ग्राम-भतकुंदा थाना सांकरा ने बताया कि 25 मार्च की रात्रि लगभग 7 बजे वन दुर्गा मंदिर के पास उसने अपनी बाइक को रखा था। इस दौरान गांव के परमानंद पटेल और अरबिंद पटेल उसकी बाइक को धक्का देकर हटाने लगे, जिस पर उसने मना किया, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मानरे की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


# मवेशियों की तस्करी, कत्लखाना ले जाना रहे दो लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मवेशियों को महाराष्ट्र के कत्लखाना ले जा रहे गौ तस्करों को गौ सेवा आयोग के कार्यकर्ताओं और पुलिस ने संयुक्त रुप से धर दबोचा। इस मामले को लेकर पुलिस ने रंगे हाथों पकड़े गए दो लोगों के खिलाफ कोतवाली थाना में कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना मिली थी कि एक माजदा वाहन क्रमांक एमएच 36 एए 4161 के डाला में अवैध रूप से पशुओं को नीले रंग के तिरपाल से ढंक कर महासमुंद से कत्लखाना महाराष्ट्र की ओर ले जाए जाने की तैयारी है। तस्करों द्वारा इस वाहन को शहर के मुख्यमार्ग की बजाय नहर के किनारे के रास्तों से चालाकी से शहर के बाहर निकाले जाने की तैयारी थी। लेकिन, पुलिस के मुखबिर और गौ सेवा आयोग के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सजगता के चलते उक्त वाहन को खरोरा के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।





पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महासमुंद से बेलसोंडा की ओर जा रहे उक्त वाहन को रोका गया। पूछताछ में वाहन में बैठे एक व्यक्ति ने अपना नाम अमित बंडू पिता बंडू नत्थू कुम्हरे (38 साल) निवासी बेताला थाना पावनी जिला भंडारा महाराष्ट्र एवं बाजू सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अजय वामन टेंभुदरने पिता स्व. वामन अमृत टेंभुदरने (46 साल) निवासी कोंडा थाना अडार जिला भंडारा महाराष्ट्र होना बताया।

वाहन की जांच के दौरान पुलिस ने वाहन के पीछे की ओर ढंके हुए नीले रंग के तालपतरी को हटाकर देखा तो उसमें मवेशियों को रखा गया गया गया। पुलिस ने वाहन से 12 नग कृषक पशु भैंस कीमत 2,40,000 रुपए एवं 05 नग कृषक पशु पड़िया एवं 01 नग कृषक पशु पडवा गौवंश कीमत लगभग 18000 तथा उपरोक्त गौवंशों के गले में बंधे गेरवा 18 नग कीमत 900 रुपए तथा माजदा वाहन कीमत 10,00000 रुपए कुल 12,69,030 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 4, 6,10 छग कृषक पशु परिरक्षण अधि 2004 एवं 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## बदनीयती : आबादी जमीन की रजिस्ट्री कराकर हड़पी चर्च की जमीन

# 50 करोड़ की जमीन को हड़पने की साजिश, शिकायत कर कार्रवाई की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा क्षेत्र में तकरीबन 50 करोड़

- **चर्च की जमीन का केयर टेकर बना मालिक, अचानक पुत्र के नाम किया दान फिर जारी है अवैध निर्माण**

रुपए की बेशकीमती जमीन को हड़पने के साजिश की शिकायत कलेक्टर से की गई है। वहीं, इस मामले में नगर पंचायत द्वारा जारी किए गए नोटिस में भी स्पष्ट किया गया है कि निरीक्षण के दौरान कार्य बंद करने की नोटिस की अवहेलना निर्माणकर्ता द्वारा की जा रही है। जारी अनुज्ञा के एक साल की वैधता पूर्ण होने के बाद अब मनमानी पूर्वक निर्माण कार्य किया जा रहा है।

शिकायतकर्ता डालेश्वर पटेल ने कलेक्टर से की गई शिकायत में कहा है कि कि ग्राम पिथौरा में डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ (सी.एन.आई.) की जमीन प.ह.नं. 22/12 तहसील पिथौरा जिला-महासमुंद में स्थित है। खसरा नं. 37 जो वर्तमान में नया खसरा नं. 290/1 क रकबा 3.092 हे. आबादी भूमि है। जिसमें से 3339 वर्गमीटर भूमि सी.एन.आई. की है उसे षड़यंत्र पूर्वक हड़पने की साजिश की गई है। जिसकी आज बाजार मूल्य लगभग 50 करोड़ की है। उक्त भूमि में गिरजा घर प्रार्थना गृह एवं सीमा में बाहर कि दीवार व पादरी गृह भू निर्मित था जिसकी देखभाल करने हेतु चंद्रभूषण जोसेफ उम्र 40 वर्ष पिता जान अतियल निवासी वार्ड क्रमांक 5 पिथौरा तहसील एवं थाना-पिथौरा, जिला-महासमुंद को केयर टेकर के रूप में रखा गया था। आरोप है कि जिसने लालच वश उक्त भूमि को हड़पने हेतु अपने पुत्र प्रशील जोसेफ उम्र 30 वर्ष के नाम से 05.08.2024 को दान पत्र निष्पादित किया। जिसमें भूमि मूल्य 9,60,52,000 रुपए अंकित करते हुए कुल 1498450 रुपए का स्टांप शुल्क बिना आर्थिक स्थिति के शासन को अदा किया गया है।





### इन बिंदुओं पर कलेक्टर से जांच की मांग

21.09.2019 को तत्कालीन थाना निरिक्षक कमला पुसाम ने भी नजरी नक्शा बनाया जिसमें चर्च एवं परिसर लिखा है और यह भी सी.एन.आई. का कब्जे का प्रमाण है। उक्त प्रकरण में चंद्रभूषण जोसेफ गवाह है। तो अचानक 2024 में केयर टेकर जमीन का मालिक कैसे बन गया? उक्त सी.एन.आई. के नाम पर दर्ज आबादी भूमि को कैसे दान कर दिया? इस पूरे घटना में तत्कालिन तहसीलदार, पटवारी, चंद्रभूषण जोसेफ, प्रशील जोसेफ गवाह जितेन्द्र सिन्हा, भुपेन्द्र साहू, पियुष अग्रवाल पिता नरेश अग्रवाल की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए डालेश्वर पटेल ने कलेक्टर से मांग की है कि इस षड़यंत्र का जांच कर 50 करोड़ की सम्पत्ति को हड़पने पर तत्काल रोक लगाए जाए और दोषियों पर कार्यवाही कर जमीन ईसाई समाज (सी.एन.आई.) को सुपुर्द किया जाए।

पटेल ने कहा है कि चंद्रभूषण जोसेफ ने उक्त जमीन के मलबा को उत्त समय दान किया जब पहले से 2019 में जेएमएफसी न्यायालय पिथौरा जिला महासमुंद में प्रकरण दर्ज है जिसका अंतिम प्रतिवेदन 26/12/2022 को चालान जमा किया गया है। इस तथ्य को छुपाया गया है।

चंद्रभूषण जोसेफ ने दिलीप साहू और समशेर से मुसल के उक्त जमीन के विकास के लिए लेनदेन हुआ था उसमें 100 रू. के स्टाम्प में 13.05.2017 को गवाह के रूप में अपना हस्ताक्षर किया है। जोसेफ ने 50 रू. के स्टाम्प में भी गवाह के रूप में हस्ताक्षर किया है। जोसेफ ने 27.04.2019 को उक्त जमीन के बारे में उच्च स्तरीय जांच के दौरान बयान दिया है कि में सेंट पीटर चर्च के अधीन में सचिव पद पर 31 वर्षों से कार्य कर रहा हूँ। और चर्च की जमीन का देखरेख कर रहा हूँ। 2024 में अचानक चंद्रभूषण के नाम से नजरी नक्शा तत्कालीन तहसीलदार एवं पटवारी ने षड़यंत्र कर बनाया गया और जमीन के मलबा को 05.08.2024 को अपने पुत्र प्रशील जोसेफ के नाम दानपत्र निष्पादित किया गया। जिसमें गवाह जितेंद्र कुमार सिन्हा पिता प्रेमलाल सिन्हा निवासी पिथौरा, भूपेंद्र साहू पिता गणेश राम साहू निवासी बरेकेल थाना-पिथौरा के है।

# खल्लारी माता मंदिर में अष्टमी पर हवन पूजा के बाद कराया नौ कन्या भोज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी स्थित देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर गुरुवार को हवन पूजन किए गए। खल्लारी माता मंदिर में भक्तों ने व्रत रखकर माता के दर्शन किए। कई भक्तों ने घरों में देवी पूजा कर मनोकामनाएं मांगी। वहीं श्रद्धालुओं ने अष्टमी पर्व को लेकर तैयारी की थी। जिसमें आंगन में स्वागत द्वार बनाकर आकर्षक का केंद्र बनाया। मंदिर में दोपहर 1 बजे हवन पूर्णाहुति हुई। देवी स्वरूप कन्याओं की पूजा अर्चना कर भोज कराया गया। मंदिरों में हवन कार्य को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। क्षेत्र के घरों में ज्योत जंवारा धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम भक्ति भाव से आराधना की जा रही है। शीतला मंदिर और मौली मंदिर में भंडारा का कार्यक्रम में भक्तों सहित श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाने के लिए देर रात तक पहुंचते रहे।

## नवरात्रि पर अनुष्ठान की पूर्णाहुति के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**महासमुंद।** रामनवमी पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ में नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साधकों द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गायत्री मंत्र की आहुतियां अर्पित कर अनुष्ठान का समापन किया गया। यज्ञ का संचालन महिला मंडल की पूर्णिमा साहू एवं कनेश्वरी सहित उनकी टीम द्वारा कराया गया। यह यज्ञ कार्यक्रम चार पालियों में आयोजित हुआ। जिसमें लगभग 300 श्रद्धालुओं ने सहभागिता करते हुए आहुति समर्पित की। यज्ञ के पश्चात पर्व पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत युग संगीत से हुई। तत्पश्चात भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना एवं राम स्तुति पाठ कर रामनवमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एमएल साहू उप जोन सह समन्वयक ने जन्म शताब्दी वर्ष की कार्ययोजना एवं शांतिकुंज के संदेश को साझा करते हुए बताया कि यह वर्ष साधना वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर-परिवार में गायत्री मंत्र का जप करें तथा 24,000 मंत्रों के अनुष्ठान को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लें। पर्व पूजन का दायित्व ललित मेश्राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन भारत साहू ने किया। अंत में शांतिपाठ के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शेष नारायण गुप्ता, अमर साहू, नरेश साहू, कुमारेश श्रीवास्तव सहित महिला मंडल के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# कार की ठोकर से बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत

## बसना के हृदय स्थल शहीद वीर नारायण चौक पर मां-बेटे का शव रखकर रास्ता जाम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बुधवार को रायपुर के विवाह कार्यक्रम के बाद वापस से भुनेश्वर (ओड़िशा) जा रहे महिंद्रा जायलो कार क्रमांक ओडी 02 एफ 8585 के चालक ने आगे चल रही बाइक क्रमांक सीजी 06 एचडी 8963 को ठोकर मार दी। जिससे बाइक में सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के पैर टूटने, सिर में गंभीर चोट लगने व अत्य धिक रक्तस्राव के कारण घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं तेज रफ्तार कार, बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हो गई तथा पेड़ से टकरा गई। इस घटना से पेड़ के भी उखड़ने की जानकारी मिली है। मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर कमलेश कलेत पिता स्व. हेमलाल कलेत ग्राम बानीपाली (भूकेल) निवासी, मोटरसाइकिल की किस्त पटाने हीरो मोटरसाइकिल शोरूम छुईपाली (सिंघनपुर) जा रहे थे। शोरूम घटना स्थल से महज डेढ़ सौ मीटर आगे था। इसी बीच रायपुर से सरायपाली की ओर तेज रफ्तार जा रही कार ने आगे जा रही मोटरसाइकिल को पीछे से ठोकर मारी कि मोटरसाइकिल चालक को गंभीर चोटे आने चोट, पैर टूटने और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। वहीं उसकी मां, जो पीछे बैठी थी, उसका भी पैर टूट गया और सिर में गंभीर चोट से अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि कार की गति काफी अधिक थी, जो पेड़ से जा टकराया। कार में सवार व्यक्ति स्वयं वाहन चला रहा था तथा उसके साथ उसकी पत्नी और बेटी भी सवार थीं। सुरक्षा एयरबैग समय पर खुलने के कारण उन्हें खरोंच तक नहीं आई। घटना की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस 1033 मौके पर पहुंची और दोनों मां-बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मां बेटे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस अस्पताल पहुंचकर परिजनों से पूछताछ कर रही है। वहीं, परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अनियंत्रित कार ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्काल सहायता करते हुए घायल को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। जांच के दौरान प्रधान आरक्षक चितरंजन साहू द्वारा मृतक के परिजनों एवं पंचों के कथन दर्ज किए गए। सभी ने अपने बयान में बताया कि दुर्घटना का मुख्य कारण तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाना था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह सड़क दुर्घटना का मामला है। जिसमें चालक की स्वयं की लापरवाही सामने आई है। इस आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। साथ ही मर्ग सूचना अनुविभागीय दंडाधिकारी बसना को भेज दी गई है। इस घटना ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। मृतक अपने परिवार का मुख्य सदस्य था। पूरे गांव में शोक का माहौल है। शहीद वीर नारायण चौक में मां-बेटे की शव को लाकर रास्ता जाम किया गया।

## मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी सड़कों तक आवारा मवेशियों का जमावड़ा, आवागमन में हो रही परेशानी


# गोधाम योजना पर खर्च हो रहे लाखों, फिर भी सड़कों पर मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पशुओं के संरक्षण और सड़कों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए 'गोधाम' और 'गौठान' जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिनस धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है। जिले के मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी सड़कों तक आवारा मवेशियों का जमावड़ा कम होने का नाम नहीं ले रहा है, जो अब वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है।

शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख चौक-चौराहों पर दिन भर मवेशी बैठे रहते हैं। स्थिति रात के समय और भी अधिक गंभीर हो जाती है। अंधेरे में काले रंग के मवेशी सड़कों पर बैठे दिखाई नहीं देते, जिससे तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

विशेष रूप से महासमुंद-बागबाहरा रोड और पिथौरा मार्ग पर यह एवं अन्य हाईवे पर समस्या विकराल रूप ले चुकी है। प्रशासन को इस दिशा में सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। केवल बजट खर्च कर देने से समस्या का समाधान नहीं होगा। जब तक सड़कों पर बैठे मवेशियों को पकड़कर सुव्यवस्थित तरीके से गोधामों में नहीं पहुंचाया जाता और पशु मालिकों पर जुर्माना नहीं लगाया जाता, तब तक वाहन चालकों की मुसीबत कम नहीं होगी।



### वाहन चालकों की बढ़ रही मुसीबत

वाहन चालक राजेश डड़सेना बताते हैं कि भारी वाहन चलाते समय मोड़ पर अचानक गायों का झुंड मिल जाता है। उन्हें बचाने के चक्कर में गाड़ी को किनारे उतारना पड़ता है, जिससे बड़ी वाहनों के पलटने का डर बना रहता है। प्रशासन को इन्हें गोधामों में भेजने की ठोस व्यवस्था की जानी चाहिए। कार चालक निलेश यादव ने बताया है कि मुझे काम के सिलसिले में रोज रात को रायपुर से महासमुंद आना पड़ता है। सड़कों के बीचों-बीच मवेशी इस तरह बैठे रहते हैं कि अचानक ब्रेक मारना पड़ता है। कई बार बड़ी दुर्घटना टली है। हितेश साहू ने बताया है कि रात के समय हेडलाइट की रोशनी में भी बैठे हुए मवेशी दूर से नजर नहीं आते।

### व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

गोधाम योजना का मुख्य उद्देश्य आवारा पशुओं को आश्रय देना और उन्हें सड़कों से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखना है। इसके लिए चारे, पानी और देखरेख के नाम पर सरकारी खजाने से भारी भरकम बजट आवंटित किया जाता है। बावजूद इसके, सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी यह दर्शाती है कि या तो गोधामों में क्षमता से अधिक पशु हो गए हैं या फिर पशुओं को वहां रखने की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है। क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि शाम ढलते ही मवेशी सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि मवेशी भी वाहनों की चपेट में आकर घायल हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### चिमनानी के निवास पहुंचे केंद्रीय मंत्री मांडविया

**रायपुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का उदघाटन करने 4 घंटे के प्रवास पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय खेल एवं युवा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया का रायपुर एयरपोर्ट से सीधा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी के निवास पर आगमन हुआ। केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने अमित चिमनानी के परिवार से आत्मीय मुलाकात की। नवरात्रि के पावन अवसर पर चिमनानी परिवार ने केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया का स्वागत माता की चुनरी से किया। साथ ही राम नवमी की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, अपेक्स बैंक के चेयरमैन केदार गुप्ता, प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी प्रीतेश गांधी, योगेश तिवारी की उपस्थिति रही।

### दो दिवसीय संविधान मेला हुआ

**रायपुर।** भारतीय संविधान प्रचारिणी सभा, भारत द्वारा आयोजित देश का 15वां दो दिवसीय संविधान मेला 20 एवं 21 मार्च को विमतारा, सभाभवन में संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य आमजन में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उसके मूल्यों को समझाना तथा संवैधानिक दृष्टिकोण का विकास करना रहा। मेले के दौरान विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के भी सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील भारद्वाज, शंकर कुंजाम, विनोद कुमार कोशले सदस्य संविधान प्रचारिणी सभा द्वारा किया गया।

### शादी करने का झांसा देकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने शादी करने का झांसा देकर युवती से रेप करने के आरोप में एक युवक को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। रेप के आरोप में पुलिस ने मध्यप्रदेश, सागर निवासी आशीष मसीह को गिरफ्तार किया है। युवती ने थाने में आशीष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि फेसबुक के माध्यम से आशीष के साथ उसका परिचय हुआ था। आशीष ने युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप कर शादी करने से इनकार कर दिया।

### मेड ने चोरी की सोने की अंगूठी, टॉप्स

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक गृहणी ने अपने घर में काम करने वाली मेड के खिलाफ दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने की तीन अंगूठी तथा टॉप्स चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आदिती विरदी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आदिती ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने नीलम मेड न्यू देल्ही सर्विस सेंटर के घर में साफ सफाई तथा काम करने एक मेड हायर किया था। घर में एक अन्य स्थानीय मेड काम करती है।

# प्रदेश की 52 लाख से ज्यादा गाड़ियों में से महज 10 लाख में एचएसआरपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

अप्रैल 2019 के पूर्व जितनी पुरानी गाड़ियां हैं, उन सब में अनिवार्य रूप से हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने की अनिवार्यता है। परिवहन विभाग पिछले दो वर्षों से अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने मुहिम चला रहा है। बावजूद इसके वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने इच्छुक नहीं दिख रहे। दो साल में अब तक अप्रैल 2019 के पूर्व की 10 लाख 15 हजार 286 गाड़ियों में एचएसआरपी लग पाया है। परिवहन विभाग के रिकार्ड में अप्रैल 2019 के पूर्व 52 लाख 48 हजार 476 गाड़ियां रजिस्टर्ड हैं। अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ी मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने की वजह से एचएसआरपी करवाने पूर्व में एचएसआरपी के आवेदन देने के पूर्व मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम अनिवार्य किया गया था।

प्रक्रिया लंबी तथा लेंदी होने की बात कह कर अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने ध्यान नहीं दे रहे थे। इस बात का ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल नंबर अपडेट कराने के नियम को ऑप्शनल कर दिया। इसके बाद भी वाहन मालिक एचएसआरपी लगवाने गंभीर नहीं दिख रहे।

### ई-चालान से बचने एचएसआरपी से बच रहे

एक अप्रैल 2019 के पूर्व की ज्यादातर गाड़ी के मालिकों का मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है। इसके चलते ट्रैफिक उल्लंघन करने पर भी उन वाहन मालिकों द्वारा ट्रैफिक उल्लंघन करने पर ई-चालान कटता है, तो फिर पत और मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से चालान की कॉपी वाहन मालिक तक नहीं पहुंच पाता।



- मोबाइल नंबर अपडेट ऑप्शनल होने के बाद 30 हजार वाहन चालकों ने एचएसआरपी के लिए दिए आवेदन
- ई-चालान से बचने लोग नहीं बदलवा रहे नंबर प्लेट

### एक प्रतिशत से भी कम आवेदन

परिवहन विभाग द्वारा नियम शिथिल करने के पूर्व एक अप्रैल 2019 के पूर्व के 9 लाख 85 हजार वाहन के मालिक एचएसआरपी नंबर लगवा चुके हैं। मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम ऑप्शनल होने के बाद भी एक प्रतिशत लोगों ने अपने पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने आवेदन किया है। फरवरी में मोबाइल नंबर अपडेट कराने का नियम ऑप्शनल होने के बाद एक महीने के भीतर 30 हजार 541 वाहन मालिकों ने परिवहन विभाग में एचएसआरपी के लिए आवेदन किया है।

### इन गाड़ियों का चालान नहीं कट रहा

राजधानी पुलिस ट्रैफिक उल्लंघन के नियमित औसतन साढ़े तीन हजार ई-चालान काटती है। जितने ई-चालान कटते हैं, उनमें से 25 से 30 प्रतिशत चालान को रद्दी की टोकरी में डालना पड़ता है। इसका प्रमुख कारण गाड़ी मालिकों का नाम पता अपडेट नहीं होना है। ऐसे में ऐसी गाड़ियों से अपराधी गंभीर किस्म के अपराध कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो सकते हैं।

### ट्रैफिक पुलिस को दिखानी होगी सख्ती

एक अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने ट्रैफिक पुलिस के साथ परिवहन विभाग के अफसरों को लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करनी होगी। इसके बाद ही अप्रैल 2019 के पूर्व की गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा। लक्ष्य पूरा करने ट्रैफिक पुलिस के जवानों को हर चौक चाराहे पर बगैर एचएसआरपी गाड़ियों को रोक सख्ती से चालानी कार्रवाई करने के साथ ही एचएसआरपी लदवाने दबाव बनाने की जरूरत है।

# सरसींवा सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति में देरी के विरोध में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

सरायपाली से सरसींवां तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा और सड़क पर चक्काजाम कर धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों की मांगों का समर्थन देने स्थानीय विधायक चातुरी नंद भी मौके पर मौजूद रही और धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शासन पर विकास कार्यों में भेदभाव का संगीन आरोप लगाया।

विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राशि का प्रावधान किया गया था, किंतु इसके बावजूद अब तक प्रशासकीय स्वीकृति नहीं दी गई है। इस लापरवाही के चलते क्षेत्र की जनता को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हर वर्ष दर्जनों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। बीते सप्ताह ग्राम सागरपाली में दो युवकों की दर्दनाक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। वहीं पिछले 2-3 वर्षों में 50 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें दर्जनभर से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।






विधायक चातुरी नंद के कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। चक्काजाम के दौरान विधायक चातुरी नंद ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर सरायपाली–सरसींवां सड़क निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की गई, तो क्षेत्र की जनता उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा, एसडीओपी ललिता मेहेर, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, सरायपाली थाना प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहें। प्रशासनिक अधिकारियों ने कलेक्टर सहित उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्द स्वीकृति का आश्वासन दिया। लेकिन, ग्रामीण ठोस आश्वासन को लेकर अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे और शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आखिरकार कलेक्टर और लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर मिले आश्वासन और सागरपाली में नाली एवं मरम्मत कार्य शुरू करने के आश्वासन के बाद चक्काजाम स्थगित किया गया।

इस आंदोलन में बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारीगण, नागरिकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की।

# स्काउट-गाइड ने किया सार्वजनिक जल सेवा प्याऊ केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ द्वारा सार्वजनिक जल सेवा प्याऊ केंद्र का शुभारंभ बीईओ कार्यालय के सामने किया गया। ज्ञात हो कि 26 मार्च को एक साथ राज्य के जिला मुख्यालय /विखं मुख्यालय में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आत्मीयता के साथ राहगीरों की प्यास बुझाने स्थानीय रोवर-रेंजर, वरिष्ठ स्काउट-गाइड, स्काउटर- गाइडर, फ्लॉक लीडर एवं स्थानीय संघ पदाधिकारियों, विभिन्न सेवादाताओं के स्वप्रेरित होकर किए गए सहयोग से सार्वजनिक निःशुल्क प्याऊ केंद्र प्रारम्भ किया गया और निरंतर प्याऊ केंद्र संचालित करने राहगीरों, आम नागरिकों को भीषण गर्मी में शीतल पेयजल पिलाकर सेवा का संदेश देते हुए यह पुनीत कार्य किया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष स्थानीय संघ ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी से सूखे कंठों को राहत देने के लिए निःशुल्क मटके का शीतल जल उपलब्ध कराने में संगठन का यह पुनीत कार्य अपने आपमें अनूठा है। यह सेवाकार्य जन-जन के लिए प्रेरणादाई है। बीईओ एवं सहायक जिला आयुक्त स्काउट टीसी पटेल ने कहा कि सार्वजनिक प्याऊ केंद्र की पहल से आमजन को भीषण गर्मी में काफी राहत मिल पाएगा और यह पुनीत कार्य लोगों को काफ़ी प्रेरित करेगा। स्थानीय संघ का सामूहिक प्रयास काफ़ी सराहनीय है। शुभारंभ अवसर पर पर मटके के स्वच्छ शीतल पेयजल के साथ-साथ मीठा शरबत, नींबू पानी का वितरण भी किया गया और इस केंद्र का लाभ लेने एवं प्याऊ घर में सेवा सहायता देने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम संचालन स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी (एचडबल्यूबी स्का.) एवं आभार प्रदर्शन हेमंत चौधरी ने किया।




# प्लास्टिक की बोतल में शराब के विरोध में उतरा एसोसिएशन, कहा लीचिंग का बढ़ सकता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में आबकारी विभाग की नई नीति के तहत एक अप्रैल से शासकीय शराब दुकानों में कांच के स्थान पर प्लास्टिक की बोतलों में शराब की बिक्री का नियम लागू होने जा रहा है। नया नियम लागू होने से पहले छत्तीसगढ़ बॉटल एसोसिएशन इस निर्णय के विरोध में उतर आया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज मलिक का कहना है कि प्लास्टिक की बोतल में लंबे समय से शराब रखने से लीचिंग का खतरा बढ़ सकता है। इससे रासायनिक तत्व पेय पदार्थ में घुलने की संभावना होती है, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। यही नहीं, प्लास्टिक बोतल से पर्यावरण को नुकसान होगा, साथ ही कांच की बोतलों की रीसाइकिलिंग से जुड़े हजारों लोग बेरोजगार भी हो जाएंगे।

### प्लास्टिक बोतलों के विरोध में आबकारी कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

एसोसिएशन के अध्यक्ष मलिक ने बताया कि कांच की जगह प्लास्टिक (आरपीईटी) बोतलों में शराब भरने के प्रस्तावित निर्णय के विरोध में एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को आबकारी कमिश्नर आर. संगीता से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन के माध्यम से कांच की जगह प्लास्टिक की बोतल संबंधी लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष सहित एसोसिएशन के सदस्य अकरम कुरैशी, सोहन लाल देवांगन, नम्रता देवांगन, विक्की देशपांडे आदि शामिल रहे।


फाइल फोटो

### रोजगार और पर्यावरण पर भी पड़ेगा असर

एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश में कांच की बोतलों की रीसाइकिलिंग से जुड़ा एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। इससे हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि प्लास्टिक बोतलों का उपयोग बढ़ता है, तो कांच की बोतलों की मांग घटेगी। इससे कई लोगों का रोजगार प्रभावित हो सकता है। सदस्यों का यह भी कहना है कि प्लास्टिक बोतल के चलन से कांच से जुड़े कामगार, कबाड़ी और छोटे कारोबारी भी प्रभावित होंगे।

### *प्लास्टिक बोतल का सही प्रबंधन नहीं होने से बढ़ेगा प्रदूषण*

*एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि प्लास्टिक बोतलों के कारण पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। कांच की बोतल पूरी तरह से रीसाइकिल की जा सकती है, वहीं प्लास्टिक कचरे का सही प्रबंधन नहीं होने पर प्रदूषण बढ़ सकता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि आबकारी कमिश्नर आर. संगीता ने उनकी बातें सुनने के बाद कहा कि यदि उनके पास वैज्ञानिक अध्ययन या रिपोर्ट है, तो विभाग उस पर चर्चा करने को तैयार है। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि इस विषय को आबकारी मंत्री के समक्ष रखा जाएगा।*

# व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने चैंबर ने विषय विशेषज्ञों को बनाया विभागों का सलाहकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने व्यापारिक हितों के संरक्षण और उन्हें कानूनी व तकनीकी अड़चनों से राहत दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चैंबर द्वारा प्रदेशभर के विषय विशेषज्ञों को विभिन्न विभागों का सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह विशेषज्ञ टीम व्यापारियों को जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों का निराकरण करने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने सीधे संपर्क में रहेगी।

प्रदेशभर के व्यापारियों को विभिन्न विषयों पर समय रहते मार्गदर्शन देने और उनके व्यापारिक समस्याओं का विशेषज्ञों के माध्यम से सीधे समाधान कराने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स ने एक नई पहल की है। इसके लिए अलग-अलग विषयों के जानकारों को चैंबर ने सलाहकार बनाया है। ये सलाहकार जीएसटी, आयकर, बैंकिंग और श्रम कानून जैसे जटिल विषयों पर आ रही परेशानियों को दूर करने में सेतु का काम करेंगे। मार्गदर्शन देने के लिए विशेषज्ञों की सलाहकार टीम व्यापारियों के सीधे संपर्क में रहेगी।

- 20 अनुभवी विशेषज्ञों को दी जिम्मेदारी, व्यापारियों के सीधे संपर्क में रहेगी

जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर विभाग में चेतन तारवानी, भावेश मित्तल, जितेंद्र खनूजा, नितिन गोयल, रश्मि वर्मा सहित 20 अनुभवी विशेषज्ञों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये विशेषज्ञ रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, भिलाई और अन्य शहरों के व्यापारियों को जीएसटी संबंधी कानूनी पेचीदगियों पर सलाह देंगे। आयकर और मुकदमेबाजी से संबंधित व्यापारियों आयकर से संबंधित नोटिस और अन्य विधिक कार्यों में सहयोग करने के लिए हार्दिक पाटनी, मुकुल चौरड़िया, डिंपल वल्यानी, रितेश जायसवाल सहित 9 विशेषज्ञों की टीम गठित की गई है।

### भ्रष्टाचार निचले पैमाने तक पहुंचा पंचायतों के सोशल ऑडिट में खुलासा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि ग्राम पंचायतों के सोशल ऑडिट में 151 करोड़ की गड़बड़ी बताता है कि सरकार का भ्रष्टाचार निचले पैमाने तक पहुंच गया है। पूरे प्रदेश में 13861 गड़बड़ियां सामने आना इस बात का प्रमाण है कि सरकार के संरक्षण में पंचायतों के विकास कार्य के पैसे में बंदरबांट हुई है। इस पूरी गड़बड़ी में सत्तारूढ़ दल के नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं। पंचायत विभाग के अधिकारी पंचायतों के फंड आबंटन में पहले अपना कमीशन लेते हैं, उसके बाद आबंटन जारी करते हैं। इसके कारण निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं, बिना काम के पैसा आहरण हो जाता है।

# 10-15 साल पुराने वाहन की खरीदी बिक्री पर लग रहा एक प्रतिशत टैक्स

## परिवहन विभाग शो रूम की कीमत पर वसूल रहा टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर।

छत्तीसगढ़ में सभी प्रकार के पुरानी वाहन की खरीदी बिक्री पर भी परिवहन विभाग एक प्रतिशत टैक्स ले रहा है। यह टैक्स 10 से 15 साल पुराने वाहन की खरीदी-बिक्री पर भी वसूला जा रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि वाहन की बिक्री के समय शो रूम में जो उसकी कीमत थी, उसके अनुसार यह टैक्स लगाया जा रहा है, जबकि वाहन की बिक्री के बाद हर साल पुराने वाहन की कीमत में गिरावट आती है। ऐसे में 10-15 वर्ष पुराने वाहन की कीमत शो रूम की तुलना में 70 से 85 प्रतिशत तक गिर जाती है। इसके बाद भी परिवहन विभाग पुराने वाहन पर एक प्रतिशत टैक्स शो रूम की कीमत के अनुसार वसूल कर रहा है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग के ऑनलाइन सिस्टम में करीब पांच माह पूर्व पुराने वाहन की खरीदी-बिक्री पर एक प्रतिशत टैक्स को अपडेट कर दिया गया है। इस नए सिस्टम के लागू होने से 10 लाख की बिकी वाले वाहन पर 10 साल के बाद भी 10 हजार रुपए टैक्स लग रहा है। टैक्स अदा किए बिना वाहन मालिक का नाम ट्रांसफर ही नहीं हो रहा है। नाम ट्रांसफर कराने के लिए खरीदी करने वालों को एक प्रतिशत टैक्स अदा करना पड़ रहा है।

### शासन स्तर पर जारी होगा आदेश

पुराने वाहन की खरीदी-बिक्री पर एक प्रतिशत टैक्स लग रहा है। टैक्स को नहीं लिया जाना है, इस संबंध में शासन स्तर पर आदेश जारी होना है। अभी तक ऐसा आदेश जारी नहीं हुआ है।

**- आशीष देवांगन**
जिला अधिकारी, परिवहन विभाग

### नाम ट्रांसफर में बड़ी राशि खर्च

एक पुराने दोपहिया वाहन का नाम ट्रांसफर कराने में खरीदार को बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती है। वैसे तो नाम ट्रांसफर कराने का शुल्क लगभग ढाई हजार रुपए है, लेकिन अन्य प्रक्रिया को पूरा करने में तीन हजार रुपए से अधिक राशि खर्च हो जाती है।

# पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क, 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए सर्वे शुरू, निगम और राजस्व विभाग ने किया संयुक्त सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक नई बायपास सड़क बनेगी। 60 फीट की इस सड़क के लिए रायपुर नगर निगम और राजस्व विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। करीब 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से डेढ़ लाख लोगों को राहत मिलेगी। केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू होकर भाठागांव मार्ग तक विकसित किया जाएगा। नगर निगम ने इस कार्य के लिए 20 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इस प्रोजेक्ट को लिया गया है।

दरअसल, रिंगरोड पर ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को कम करने पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक केनाल रोड 2 का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से अटके इस प्रोजेक्ट के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सर्वे कर नापजोख का काम शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने इस अहम प्रोजेक्ट के लिए अपने बजट में 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 4.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के बनने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। यह सड़क न सिर्फ पुरानी धमतरी रोड से भाठागांव तक एक मजबूत कनेक्टिविटी देगी, बल्कि शहर के सबसे व्यस्त रूट में शामिल रिंगरोड पर ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम होगा। नई बायपास सड़क निर्माण में अतिक्रमण एक प्रमुख चुनौती के रूप में है। इसके कारण 165 लोगों को नोटिस भेजा गया है। शहरीकरण से नहर कब्जे का शिकार है, नहर किनारे अवैध रूप से मकान बनने से पुरानी नहर नाले में तब्दील हो गई है। इसके चौड़ीकरण के लिए नपाई शुरू हो गई है।

### फैक्ट

**सड़क का नाम :** केनाल रोड 2.0 सड़क
**बायपास सड़क कुल लंबाई :** 4.5 किलोमीटर
**निर्माण लागत :** 20 करोड़
**निर्माण एजेंसी :** नगर निगम रायपुर
**नई सड़क बनने से डेढ़ लाख आबादी को राहत**



**शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा है प्रस्ताव :** केनाल रोड 2.0 के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग ने संयुक्त सर्वे शुरू कर दिया है। राज्य शासन ने बजट में इस प्रोजेक्ट के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया है। हमने प्रस्ताव बनाकर शासन की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा है। यह सड़क 7 मीटर से बढ़ाकर 18 मीटर यानी 60 फीट की जाएगी। **- इमरान खान,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर

***इन इलाकों को मिलेगा फायदा :*** *संतोषीनगर, रावतपुरा सिटी, चौरसिया कालोनी, भैरव सोसाइटी सहित 40 से अधिक कालोनियों के लोगों को राहत मिलेगी। अभी इन क्षेत्रों के रहवासी रिंग रोड पर निर्भर हैं। इसके अलावा पुराना धमतरी रोड जाने के लिए कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी, भाठागांव वालफोर्ट सिटी व आसपास के इलाकों के रहवासियों को राहत मिलेगी।*

***ये है प्रोजेक्ट :*** *केनाल रोड 2.0 कलर्स माल के पीछे से शुरू कर भाठागांव मार्ग तक विकसित की जाएगी। यह सड़क एनएच 53 के समानांतर बनेगी, जिससे शहर के भीतर एक वैकल्पिक और तेज कनेक्टिविटी मार्ग तैयार होगा। पुराना धमतरी रोड से भाठागांव को जोड़ने में यह सड़क अहम भूमिका निभाएगी।*

**खबर संक्षेप**

### जिला स्काउट्स एवं गाइड्स संघ ने किया प्याऊ सेवा केंद्र का उद्घाटन

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुंद द्वारा राम नवमी पर्व पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग के किनारे येतराम साहू जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता व चंद्रहास चंद्राकर जिला मुख्य आयुक्त एवं अध्यक्ष कृषि एवं बीज निगम के मुख्य आतिथ्य तथा जय पवार, आनंद साहू, सुधा साहू जिला उपाध्यक्षगण, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त, दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, राहुल चंद्राकर पूर्व राज्य मुख्यालय आयुक्त, नंदकिशोर सिन्हा जिला मुख्यालय आयुक्त, कौशलेंद्र वैष्णव अध्यक्ष स्थानीय संघ, कुंभज चंद्राकर, लिलेश साहू के विशिष्ट आतिथ्य में प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ फीता काट कर किया गया। यह मार्ग बरोंडाबाजार, चिंगरौद, बम्हनी, लाफिन, मचेवा, परसकोल इत्यादि गांव के राहगीरों के लिए भीषण गर्मी और आने वाले लू को ध्यान में रखकर प्यास बुझाने के लिए सेवा भाव से प्याऊ सेवा केंद्र खोला गया है। इस अवसर पर रामकुमार साहू जिला मुख्यालय आयुक्त, मधु तिवारी पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, तुलेंद्र कुमार सागर प्राचार्य गढ़सिवनी स्कूल एवं वरिष्ठ स्काउटर, सुरेंद्र मानिकपुरी प्राचार्य व वरिष्ठ स्काउटर, प्रमोद कुमार कन्नौजे जिला सचिव, लीनू चंद्राकर डीओसी गाइड, हिरेंद्र कुमार साहू विखं सहसचिव महासमुंद व शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक विद्यालय की गाइड्स उपस्थित रहे।

# महाअष्टमी पर हवन पूजन व नौ कन्या पूजन के साथ महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर नगर सहित अंचल के देवी मंदिरों में मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप यानी मां महागौरी की पूजा एवं घरों में माता रानी की पूजा-पाठ, हवन आरती, प्रसाद वितरण के साथ कन्या भोजन के बाद दुर्गा महाअष्टमी व्रत का समापन हुआ।

नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा बेहद खास मानी जाती है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को यानी आठवें दिन देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी का पूजन किया। धार्मिक मान्यता है कि अष्टमी तिथि पर सच्चे मन से मां महागौरी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

मां महागौरी को ममता की मूरत कहा जाता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी की पूजा करने से राहु के बुरे प्रभाव कम हो जाते हैं। नवरात्रि के पावन दिनों में अष्टमी तिथि का खास महत्व है। जिसके चलते सभी देवी मंदिरों में हवन पूजन महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मनोकामना पूरा करने माता को गुड़ से बनी फलाहार का भोग चढ़ाया और गुड़हल व गुलाब के पुष्प अर्पित किए।

## कर्मा जयंती में शरीक हुए धनेंद्र



**खल्लारी।** मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री धनेंद्र साहू ने क्षेत्र के ग्राम खुटेरी में आयोजित कर्मा जयंती व सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान जिला, तहसील, परिक्षेत्र सहित स्थानीय व क्षेत्रीय सामाजिकजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रधान पाठक पदोन्नति का लिखित आदेश जारी करने पर डीईओ कार्यालय का घेराव स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन महासमुंद द्वारा प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति सहित विभिन्न मांगों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव का सूचना देने के पश्चात जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि 2 घंटे से अधिक समय तक चली प्रतिनिधि मंडल और जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से वार्ता के दौरान अल्टीमेटम में दिए गए बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा करने के पश्चात निर्णय लिया गया कि सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद में पदोन्नति की प्रकिया लगभग पूर्णतः की ओर है, लेकिन तकनीकी समस्याओं का निपटारा करने के लिए लिखित आश्वासन देते हुए 20 अप्रैल 2026 तक काउंसिलिंग सहित पदोन्नति आदेश जारी करने एवं परीक्षा अनुमति 2024-25 में पात्र आवेदनकर्ताओं का आदेश तत्काल जारी करने, अपात्र आवेदन को शीघ्र निराकरण करने संबंधित बीईओ को आदेश जारी करने के अलावा संगठन के सभी मांगों पर चर्चा कर शीघ्र समाधान करने पर सहमत बनी। ईश्वर ने बताया कि उक्त प्रतिनिधिमंडल में सिराज बक्श, प्रकाश बघेल, पुरुषोत्तम चंद्राकर, विजय राजपूत, भूपेंद्र दीवान, सार्वेंद्र महानदिया, अनिल चंद्राकर सहित समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में सभी बिंदुओं पर सहमति बनने पर 27 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी के लिखित आदेश जारी करने पर स्थगित किया गया।

## सबका साथ सबका विकास की दिशा में चल रही सरकार : चित्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि योजना के अंतर्गत सहायता राशि मिलने के बाद क्षेत्र के भूमिहीन किसानों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही है। लंबे समय से आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी से जूझ रहे किसानों को इस योजना ने बड़ी राहत दी है। जैसे ही किसानों के खातों में राशि पहुंची, उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई और परिवारों में उत्साह का माहौल बन गया।

किसानों का कहना है कि इस योजना के माध्यम से उन्हें खेती-किसानी से जुड़े कार्यों में सहयोग मिलेगा। साथ ही रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी आसानी होगी। कई किसानों ने बताया कि अब वे छोटे स्तर पर ही सही, लेकिन आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा पाएंगे।



किसानों ने इस सहायता के लिए विष्णुदेव सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना भूमिहीन किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा नेता चित्र कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर जरूरतमंद किसान तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि योजना के जरिए सीधे लाभार्थियों के खातों में राशि भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता बनी हुई है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो रही है। आगे कहा कि सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। चाहे वह आर्थिक सहायता हो, बीज-खाद की व्यवस्था हो या आधुनिक खेती को बढ़ावा देना।

हर क्षेत्र में किसानों को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में और भी योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जाएगा, ताकि कोई भी किसान पीछे न रह जाए। उन्होंने सभी किसानों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी लें और उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कुल मिलाकर, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि योजना ने किसानों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है और यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



**महासमुंद।** जय मां भवानी दुर्गा पूजा समिति आंबेडकर चौक के तत्वावधान में माता की भव्य चुनरी यात्रा शहर में निकाली गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए तथा मां दुर्गा की आशीर्वाद लेकर नगर की खुशहाली मांगी। उन्होंने चुनरी यात्रा को माता की भक्ति व उपासना का बेहतर माध्यम बताते हुए नगर में इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर सभापति ईश्वरी भोई, अमन मदनकार, सोनू, शुभम सोनी, भूपेंद्र चंद्राकर, बिट्टू मदनकर, पीयूष गौतम, नीलू यादव, देव औसर, रोशन, कृष बावनकर, कान्हा सोनी आदि उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य के लिए फील्ड ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनगणना के प्रथम चरण में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से शुरू होने वाला है। इस संबंध में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान और तुमगांव चार्ज के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वन प्रशिक्षण शाला महासमुंद में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा ने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। क्योंकि उन्हें अपने अपने चार्ज में प्रगणक



और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देना है। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार खांडे ने भी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के उप संचालक मनोज कुमार महिलांगे तथा जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनगणना संबंधी अधिनियम, आधारभूत शब्दों, नजरी नक्शा तैयार करने की विधि तथा प्रगणक द्वारा पूछे जाने वाले कुल 34 प्रश्नों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मोबाइल एप में जानकारी भरने के तरीके की जानकारी दी गई। इसके लिए मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रत्येक फील्ड ट्रेनर्स को उनके मोबाइल में एचएलओ एप इंस्टॉल और लागिन करवा कर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जहां फील्ड ट्रेनर्स ने अलग-अलग तरह की परिस्थितियों में मोबाइल एप में जानकारी भर कर देखा। इस दौरान तहसीलदार भवानी शंकर साव, प्रभारी अधिकारी रणधीर सिंह बघेल, ओमनारायण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राजयोगिनी दादी जानकी को 6वें पुण्य स्मृति दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व प्रसिद्ध अंतराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुख्य प्रशासिका रही राजयोगिनी दादी जानकी की 6वीं पुण्य स्मृति दिवस स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में मनाई गई।

ब्रम्हा कुमारियों और पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर दादी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके नाम शिव पिता को भोग स्वीकार कराया गया। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही परमात्मा की खोज थी, जो इस संस्थान में आकर पूरा हुआ और अपना पूरा जीवन विश्व



कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। 1978 में अमेरिका के टेक्सास विश्वविद्यालय के मेडिकल एंड साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने दादी को दुनिया की सबसे स्थिर मन मोस्ट स्टेबल माइंड इन द वर्ल्ड महिला की उपाधि प्राप्त हुई। उन्होंने 104 वर्ष की आयु में अपने पुराने देह का त्याग किया। उनके जीवन के की मुख्य धारणाएं सच्चाई सफाई सादगी से रहना था। वे सदा कहती थीं कि अपने से पूछो मैं कौन, मेरा कौन अर्थात मैं अजर अमर अविनाशी ज्योति स्वरूप आत्मा हूं और निराकार ज्योति स्वरूप शिव पिता परमात्मा की संतान हूं। दादी विश्व के पांचों महाद्वीपों में भ्रमण कर लाखों आत्माओं को निराकार ज्योति स्वरूप शिव परमात्मा के दिव्य अवतरण का संदेश दिया।

## कर्मा सेना के रायपुर जिला सचिव बने हरिशंकर



**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक अशवंत तुषार साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना द्वारा आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से रायपुर जिला स्तरीय इकाई का गठन हुआ। जिसमें हरिशंकर साहू जिला सचिव बने। इस दौरान पुष्पमाला, भगवा गमछा पहनाकर हरिशंकर साहू का स्वागत किया गया। नियुक्ति पर गोविंद साहू, सुखुराम, भूषण साहू, पोषण साहू, नंदू साहू, राजू साहू ने हर्ष जताया है। हरिशंकर साहू ने कहा है कि साहू समाज की एकता का मुख्य संदेश संगठन में ही शक्ति है और सामाजिक समरसता है, जो भाईचारे, शिक्षा प्रसार, कुरीतियों को खत्म करने और गरीब व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़कर समाज के समग्र विकास पर जोर देता है।



## जिला जेल में हुआ भजन कीर्तन का आयोजन

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर जिला जेल महासमुंद में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद द्वारा बंदियों को भगवान श्रीरामचंद्र के जीवन आदर्शो को समझा कर निजी स्वार्थ का त्याग करने और गायत्री महामंत्र का जप से बुद्धि सन्मार्ग की ओर चलने प्रेरित किया। उपस्थित बंदियों को कर्मफल का सिद्धांत क्या है, अपने जीवन को जेल में रहकर भी सत्साहित्यों का अध्ययन एवं सद्‌चिंतन से आत्मसुधार कैसे करें बताया गया। दीप यज्ञ के माध्यम से भजन, कीर्तन कर यज्ञीय वातावरण में उपस्थित कैदियों में बड़ी संख्या में आत्म सुधार का सत्संकल्प उभर कर आए। युग ऋषि तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित नवयुग का संविधान का वाचन कर सत्कार्य के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा साहू, राधेश्याम चंद्राकर द्वारा किया गया। सहयोगी प्रेमलता साहू, नीतू साहू, नीलम साहू, सुकालू निषाद, रविकांत चंद्राकर, ओम प्रकाश साहू रहे। जेल प्रबंधन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**पिथौरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. वर्ष
ग्राम सोनासिलली प.ह.नं.-14
रा.नि.मं. पिथौरा तह. पिथौरा
जिला महासमुंद

**// उद्‌घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम सोनासिल्ली के आम नागरिक को सूचित किया जाता है आवेदक जैतलाल मारकण्डे पिता संतुराम मारकण्डे जाति सतनामी साकिन सोनासिल्ली रा.नि.म. पिथौरा तसहील पिथौरा जिला महासमुंद द्वारा अपने पिता संतुराम मारकण्डे के दिनांक 03/10/2019 को मृत्यु होने से मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर / दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर / दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/03/2026 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**पिथौरा,**
**जिला महासमुंद (छ.ग.)**

## आंगनबाड़ी में बच्चों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में महिला स्वसहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को न्योता भोज कराया गया। महिला समूह की अध्यक्ष निरंजना चंद्राकर द्वारा सुपाच्य एवं पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 30 बच्चियों को चुनरी ओढ़ाकर स्वागत भी किया गया। साथ ही बच्चों को केला, संतरा, कापी, कलर, पेंसिल का डिब्बा वितरित किया गया। इस दौरान बच्चों ने डांस एवं गीत की प्रस्तुति दी। एक बच्ची ने काला जामुन के बारे अपनी प्रस्तुती दी। तालियों से आंगनबाड़ी गूंज उठा। सभी बच्चों ने अपना नाम, माता-पिता का नाम, गांव का नाम, जिला का नाम तथा राज्य का नाम बताएं। इस कार्यक्रम में समूह की अध्यक्ष निरंजना चंद्राकर, सचिव लक्ष्मी साहू, कोषाध्यक्ष ईश्वरी चंद्राकर, अनिता यादव, प्रीति सिन्हा, अमरिका साहू, उषा यादव, अनीता साहू, कार्यकर्त्ता योजना, सुकृति ध्रुव, सहायिका हेमलता



देवदास, ओम बाई साहू आदि महिलाएं उपस्थित थीं।






खबर संक्षेप



## खरोरा में आज मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में रामनवमी पर्व पर राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में रामनवमी के पर्व का बेहद खास महत्व है। इस दिन भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन पड़ता है। इस वर्ष 27 मार्च को रामनवमी मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना होगी। गांव में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन 27 मार्च से 1 अप्रैल तक किया गया है। 4 बजे पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन शुभारंभ किया जाएगा।

## देयकों की अंतिम तिथि में संशोधन

**महासमुंद।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को ध्यान में रखते हुए देयकों के स्वीकार एवं चेक जमा करने की अंतिम तिथियों में संशोधन किया गया है। इस संबंध में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी चौधरी ने बताया कि पूर्व में कोषालय/उप कोषालयों में देयक स्वीकार करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे संशोधित कर अब 27 मार्च 2026 कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि आहरण अधिकारियों द्वारा चेक कोषालय में जमा करने की अंतिम तिथि भी परिवर्तित की गई है। उन्होंने संबंधित सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों से निर्धारित नई तिथियों का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि वित्तीय वर्ष के समापन कार्य समय पर पूर्ण हो सकें।

## सोनासिल्ली में रामचरित मानस सम्मेलन आज

**झलप।** ग्राम सोनासिल्ली में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व पर एक दिवसीय रामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन 27 मार्च शुक्रवार को किया गया है। पर्व को लेकर पूरे ग्राम को सजाया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 04 बजे बाद राम संदेश मानस मंडली सोनासिल्ली द्वारा बाल कांड के 33/05 पर गायन किया जाएगा। ज्ञानोदय मानस पथिक परिवार बरेकेल कला द्वारा बाल कांड 45/06 का प्रसंग सुनाया जाएगा। दयानिधि मानस परिवार जोबा कला द्वारा प्रसंग बाल काण्ड 192 और राघवेन्द्र सरकार मानस परिवार मुड़ागांव (तेंदूकोना) द्वारा अयोध्या कांड के प्रसंग 127 की महिमा का गायन किया जाएगा। रात के 11 बजे कथा विश्राम के पश्चात पूर्णाहुति होगी। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है।

## बिरकोनी में भंडारा का आयोजन आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित चंडी गेट के बाजू में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 27 मार्च शुक्रवार को भंडारा का आयोजन किया गया है। आयोजक जय माता दी ट्रांसपोर्ट के संचालक हिम्मत साहू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आम भंडारा का आयोजन करते आ रहे हैं। इसका शुभारंभ माता की पूजा के बाद दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं व राहगीरों के लिए यह व्यवस्था है।

## महामाया मंदिर परिसर में 29 से भागवत कथा

**महासमुंद।** स्थानीय महामाया मंदिर में 29 मार्च से 6 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता पं. मिथिलेश कुमार तिवारी डूमरपाली वाले होंगे। परीक्षित के रूप में दिनकर राव अंबिलकर, गीता अंबिलकर कथा श्रवण करेंगे। इसी तरह आयोजन में विशेष सहयोग अमरनाथ गायत्री साहू, एवन अंजलि साहू, जानू सेवती साहू का है। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कथा प्रारंभ होगा। 29 मार्च को कलश यात्रा वेदी पूजन, गौकर्ण कथा से भागवत कथा प्रारंभ होगा। 30 को सृष्टि वर्णन, 31 को सती चरित्र, कपिल अवतार, 1 अप्रैल को जड़ भरत कथा, 2 को श्रीराम, कृष्ण जन्म कथा, 3 को बाल लीला, कालिया मर्दन, रुक्मणि विवाह, 4 को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र पांच को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा होगी।

**मनमानी : प्रत्येक पोस्टमार्टम में 2000 रुपए नगद एवं शराब की मांग**

# पोस्टमार्टम कक्ष में भारी अव्यवस्था परिजनों से अवैध वसूली के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसना थाना बसना क्षेत्र अंतर्गत सिरको मोड के पास स्थित चीरघर (पोस्टमार्टम कक्ष) में भारी अव्यवस्था और अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जहां एक ओर पोस्टमार्टम जैसे संवेदनशील कार्य के लिए कोई संकेतक चिन्ह तक मौजूद नहीं है, वहीं दूसरी ओर मृतकों के परिजनों से अवैध वसूली के गंभीर आरोप भी लग रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सिरको मोड़ स्थित पोस्टमार्टम कक्ष तक पहुंचने के लिए कोई स्पष्ट संकेतक (साइन बोर्ड) नहीं लगाया गया है, जिससे दूर-दराज से आने वाले परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुख की घड़ी में भटकते परिजन प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इतना ही नहीं, परिजनों ने आरोप लगाया है कि पोस्टमार्टम कराने के नाम पर उनसे करीब 2 हजार रुपए की राशि ली जाती है, जबकि शराब पीने के खर्च के नाम पर अलग से पैसे मांगे जाते हैं। बताया जा रहा है कि पिथौरा जीवनदीप योजना से जुड़े एक कर्मचारी द्वारा यह राशि वसूली की जाती है। पोस्टमार्टम कक्ष की स्थिति भी बेहद दयनीय बताई जा रही है। परिसर में कूड़ा-कचरा फैला हुआ है और साफ-सफाई का अभाव है, जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। जिस स्थान पर मौत के कारणों का वैज्ञानिक परीक्षण किया जाना चाहिए, वहां गंदगी और अव्यवस्था का आलम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है।



### चीरघर में कोई स्थाई कर्मचारी पदस्थ नहीं

इस संबंध में खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायण साहू से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि संबंधित पोस्टमार्टम कक्ष में फिलहाल कोई स्थायी कर्मचारी पदस्थ नहीं है। मौखिक रूप से जानकारी जुटाई गई है, लेकिन अब तक कर्मचारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में पिथौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जीवन दीप योजना का एक कर्मचारी आकर पोस्टमार्टम करता है, जिसके कारण अक्सर देरी (लेट-लतीफी) की स्थिति बनती है।

### अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई करने की मांग

ऐसे में सवाल उठता है कि जब सरकार द्वारा मृत्यु के कारणों का सही पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम जैसी व्यवस्था बनाई गई है, तो उसी व्यवस्था में इस प्रकार की अव्यवस्था और अवैध वसूली क्यों हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति, साफ-सफाई व्यवस्था और अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## कमेटी गठन के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बूथ एवं पंचायत स्तरीय कांग्रेस कमेटियों के गठन के लिए जिले के विभिन्न ब्लॉकों में प्रभारियों की नियुक्ति की है।

जिलाध्यक्ष यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ एवं पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए कमेटियों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में संगठन विस्तार एवं कमेटी गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें महासमुंद शहर के लिए रश्मि चंद्राकर, महासमुंद ग्रामीण के लिए लक्ष्मण पटेल, झलप-पटेवा के लिए विनोद चंद्राकर, बागबाहरा ग्रामीण के लिए नरेंद्र सेन, बागबाहरा शहर के लिए तौकिर दानी, कोमाखान के लिए अब्दुल समीम खान, पिथौरा के लिए मंजीत सलूजा, बसना के लिए मनोजकांत साहू, सांकरा के लिए गणेश शर्मा, भंवरपुर के लिए भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सरायपाली शहर के लिए फिरोज मेमन, सरायपाली ग्रामीण के लिए कृष्णा चंद्राकर व छुईपाली के लिए विजय बंजारे शामिल हैं। जिलाध्यक्ष यादव ने सभी नियुक्त प्रभारियों से अपेक्षा की है कि वे संगठन की मजबूती के लिए निर्धारित समय-सीमा में बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों का गठन सुनिश्चित करें और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### बिरकोनी में रामनवमीं पर शोभायात्रा आज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में रामनवमी पर 27 मार्च शुक्रवार को शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम नवमी को लेकर रामजानकी मंदिर में तैयारी चल रही है। आचार्य पं लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि भगवान के पूर्ण अभिषेक स्नान व पूजा अर्चना के बाद प्रातः 10 बजे सामूहिक मानसपाठ भक्तों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 3 बजे ग्राम भ्रमण शोभायात्रा निकाली जाएगी। सनातन वैदिक धर्म के तत्वावधान में बालिकाओं व युवाओं द्वारा शोभायात्रा में भगवा ध्वज लहराया जाएगा। शोभायात्रा राम मंदिर से ग्राम के प्रमुख मार्ग से निकाली जाएगी। मंदिर में शाम 7 बजे महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

# बीपीएल परिवार की छात्राओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

संस्कार शिक्षण संस्थान द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों व युवाओं की छुपी प्रतिभाओं को निखारने हेतु जिला स्तरीय मल्टी टैलेंट संस्कार समर कैंप का शुभारंभ 29 मार्च (रविवार) को प्रतिभा पब्लिक विद्यालय रावण भाठापारा पिथौरा में किया जाएगा, जबकि कैंप का संचालन 1 अप्रैल से 10 मई तक 40 दिनों तक चलेगा। संस्थान की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर के अनुसार इस कैंप में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं तथा विशेष रूप से बीपीएल परिवार की महिलाओं व छात्राओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिससे वे कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें।

इस समर कैंप में स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर, डांस, सिंगिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, एंकरिंग, पत्रकारिता, माइक पर बोलने की कला, स्केटिंग, ड्रामा, क्रिएटिव राइटिंग, इंग्लिश ग्रामर, योग, प्राणायाम, एरोबिक्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग-पेंटिंग, एस्ट्रोनॉमी व विज्ञान आधारित रोचक गतिविधियों सहित विभिन्न विषयों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही शुभारंभ अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा तथा समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# अस्थायी वैश्विक व्यवधानों के बीच घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षितः राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने एलपीजी उपभोक्ताओं से कहा है कि वे किसी प्रकार के अफवाहों में न आए। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि पूरे भारत में घरेलू कुकिंग गैस की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी है। और इसे पूरी प्राथमिकता दी जा रही है। मौजूदा चुनौतियां अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गों में अस्थायी रुकावटों के कारण हैं, न कि उत्पादन या वितरण के बुनियादी ढांचे में किसी घरेलू कमी के कारण। भारत में इस समय 33 करोड़ से ज़्यादा सक्रिय घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं, जो देश के लगभग हर घर तक पहुंच रहे हैं। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं के ज़रिए तैयार किया गया। यह विशाल नेटवर्क, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (आईओसीएल, बीपीसीएल, एचसीएल) द्वारा संचालित 210 एलपीजी बॉटलिंग संयंत्रों द्वारा पूरी तरह से समर्थित है। इन संयंत्रों की संयुक्त क्षमता प्रति वर्ष 22.4 मिलियन मीट्रिक टन है। ये संयंत्र अपनी पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं, और सिलेंडरों की रीफिलिंग तथा उन्हें भेजने का काम चौबीसों घंटे जारी है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहे दबाव के जवाब में, सरकार ने रिफाइनरियों को घरेलू एलपीजी का उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया। जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह पूरी अतिरिक्त मात्रा विशेष रूप से घरेलू उपभोक्ताओं को ही उपलब्ध कराई जा रही है।



इसके अलावा उचित वितरण सुनिश्चित करने और जमाखोरी को रोकने के लिए 'आवश्यक वस्तु अधिनियम' लागू किया गया है। भारत के झंडे वाले दो एलपीजी वाहक जहाज़, जिनमें 92,700 टन एलपीजी लदी है, पहले ही प्रमुख समुद्री मार्गों को पार कर चुके हैं और जल्द ही बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है, जिससे बफर स्टॉक में और वृद्धि होगी। राष्ट्रीय भंडारण क्षमता लगभग 15-18 दिनों की आपूर्ति के लिए पर्याप्त है, जिससे यह प्रणाली अल्पकालिक उतार-चढ़ावों का सामना करने में सक्षम बनी रहती है। 25,600 से ज़्यादा वितरक सक्रिय रूप से घरों तक सेवाएँ पहुंचा रहे हैं, और वाणिज्यिक सिलेंडरों की कालाबाज़ारी पर अंकुश लगाने के लिए अचानक किए जाने वाले निरीक्षणों को और तेज़ किया जा रहा है। राहुल ने कहा कि कुछ एजेंसियों पर दिखाई देने वाली लंबी कतारें मुख्य रूप से घरेलू आपूर्ति की वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि एहतियात के तौर पर घबराहट में की गई बुकिंग के कारण हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि वाणिज्यिक एलपीजी (जिसका उपयोग होटल और रेस्तरां करते हैं) का प्रबंधन अलग व्यवस्था के तहत किया जा रहा है, जबकि घरेलू सिलेंडरों की रीफिलिंग पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे सिलेंडरों की बुकिंग तभी करें जब उनका मौजूदा स्टॉक कम हो, और पारदर्शी ट्रैकिंग के लिए केवल आधिकारिक ऐप्स का ही उपयोग करें। सरकार तेल कंपनियों और राज्य प्रशासनों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्थिति पर लगातार बारीकी से नज़र रख रही है। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने, घरों को प्राथमिकता देने, आयात में तेज़ी लाने और निगरानी को मज़बूत करने वाला यह सक्रिय और बहुआयामी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि भारत के 33 करोड़ घरों को बिना किसी रुकावट के स्वच्छ कुकिंग ईंधन मिलता रहे।

## नांदगांव के आंगनबाड़ी केंद्र में न्योता भोज का आयोजन, बच्चों ने लिया पौष्टिक व्यंजनों का आनंद



**महासमुंद।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 04 पाटिल बहरा में बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच भरत गेंद्रे एवं जागरूक पालक होमराम पटेल ने बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन कराया। न्योता भोज में केला, तरबूज, भजिया, खीर और पूड़ी जैसे पौष्टिक व्यंजन परोसे गए, जिन्हें बच्चों ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ ग्रहण किया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दमयंती शर्मा, सहायिका चित्ररेखा धीवर तथा सचिव बलराम साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

### साय के सुशासन में मुद्दाविहीन हुई कांग्रेस प्रदेश में चहुंओर हो रहा विकास : रमेश

**महासमुंद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पिटियाझर सोसाइटी अध्यक्ष रमेश साहू ने महासमुंद शहर में नगर लिंक रोड व एनएच 353 से साराडीह तक सड़क निर्माण की स्वीकृति होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कार्यों की स्वीकृति को विधायक राजू सिन्हा के भगीरथ प्रयास का प्रतिफल बताया है। रमेश ने कहा कि नगर लिंक रोड शहरवासियों के सुगम यातायात का एक सशक्त माध्यम बनेगा। लिंक रोड के बनने से एक बड़ी आबादी को यातायात के बढ़ते दबाव से राहत मिलेगी। इसी तरह साराडीह तक सड़क बन जाने से बरोंडा बाजार व साराडीह के ग्रामीणों की पुरानी मांग पूरी होगी। इस मार्ग के लिए शासन ने 9 करोड़ 26 लाख 15 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य शुरू होगी। इसके लिए विधायक राजू सिन्हा ने विशेष पहल करते हुए शासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। रमेश ने रोपवे हादसे को अत्यंत हृदय विदारक व पीड़ादायक बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतकों के परिजनों व घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान भी किया। सीएम ने गहरी संवेदना व्यक्त कर हादसे के कारणों की जांच करने व लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई निर्देश भी दिए। लेकिन, कांग्रेस इस पर भी अपनी गंदी राजनीति से बाज नहीं आ रही। कांग्रेस को पता होना चाहिए कि रोपवे निर्माण का कार्य कांग्रेस शासन काल में शुरू हुआ था। भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेसी हादसे को नया रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।

# एकमुश्त राशि मिलने से भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिला आर्थिक संबलः येतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत हितग्राहियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित किए जाने पर जिलेभर में खुशी का माहौल देखा गया। योजना की एकमुश्त राशि मिलने से भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक संबल मिला है और उनके जीवन स्तर में सुधार के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति भी प्रदान करेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू (महासमुंद) ने कहा कि यह योजना गरीब, भूमिहीन और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। महासमुंद जिले में 35,226 भूमिहीन मजदूरों को 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार लगातार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है और मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारा जा रहा है।



भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान कर सरकार ने यह साबित किया है कि वह गरीबों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए गंभीर है। उन्होंने आगे कहा कि इस योजना से हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिला है, जिससे उनके दैनिक जीवन में आर्थिक मजबूती आएगी। राज्य सरकार गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है और आगे भी ऐसे जनहितकारी निर्णय लिए जाते रहेंगे।

राशि प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने भी सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए बेहद उपयोगी साबित होगी और इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। योजना के तहत मिली राशि से वे अपनी जरूरी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। अंत में उन्होंने कहा कि सुशासन की विष्णुदेव सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है और मोदी की गारंटी को पूरी मजबूती के साथ लागू किया जा रहा है।

# साराडीह व नहर लिंक रोड निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर भाजपाइयों ने जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएच 353 से साराडीह मार्ग तक 926 लाख रुपए एवं शहर की बहुप्रतीक्षित मांग नहर लिंक रोड प्रथम चरण में 380 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से बड़ी सौगात दिलाने पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रतिपक्ष नेता नानू भाई, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पूर्व नपाध्यक्ष एवं पार्षद पवन पटेल, विधायक प्रतिनिधि संदीप घोष, मुढ़ेना के पूर्व सरपंच गोविंद ठाकुर, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता टोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम साहू, प्रीति बादल मक्कड़, निश्चय चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजू चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी आदि ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया है। उक्त नेताओं ने कहा कि महासमुंद विधानसभा में भाजपा के शासनकाल में विधायक सिन्हा के प्रयासों के विकास की गंगा बह रही है। क्षेत्र में जगह जगह नहर लिकिंग कार्य स्वीकृत हुए हैं। साराडीह मार्ग में 5 किलो मीटर लंबी सड़क निमार्ण की स्वीकृति हुई है। शहर में मृत पड़े नहर में रोड़ निर्माण के प्रथम चरण में बागबाहरा रोड से केंद्रीय विद्यालय तक नहर लिंक रोड निर्माण के साथ दो-दो मीटर की साइड में मुरूम रोड भी होगी। शहर के लिए बड़ी उपलब्धि है। नहर लिंक रोड निमार्ण से बहुत हद तक ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा। लोगों को समय की बचत होगी। प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण में बागबाहरा रोड से पिटियाझर तक मृत पड़े नहर पर सड़क बनाई जाएगी। नहर लिंक रोड का टेंडर लगने वाला है। लगभग 1 माह पूर्व विधायक ने नगर पालिका उपाध्यक्ष, पार्षदों एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ नहर लिंक रोड का मुआयना किया था। जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश विधायक द्वारा अधिकारियों को दिया गया था। आज से 8 माह पहले भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के महासमुंद आगमन पर भाजपा के सभी पार्षदों के साथ मंत्री एवं विधायक को नहर लिंक रोड निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा गया था, जिस गति से क्षेत्र में विकास हो रहा है इससे भारतीय जनतापार्टी और मजबूत होगी। देश के प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। उसी क्षेत्र में महासमुंद विधानसभा के विधायक जनता के हितों के लिए काम कर रहे हैं। 2026 के बजट में भी लगभग 4 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों को विधायक योगेश्वर सिन्हा द्वारा शामिल कराया गया है।



